**दिनांक– 11.04.2023 को श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, भा0प्र0से0, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य के 20 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों के प्रगति की समीक्षा हेतु सम्बन्धित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के साथ की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही–सह–निदेश।**

उपस्थिति:– यथा संधारित।

दिनांक–11.04.2023 को श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, भा0प्र0से0, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना, द्वारा श्री आलोक कुमार मेहता, माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की उपस्थिति में श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना, सम्बन्धित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों, सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, सभी जिलों के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी, सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों तथा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ की गई।

समीक्षोपरान्त विभिन्न जिलों का प्रगति प्रतिवेदन एवं दिए गए निदेश निम्नवत् है:–

1. **प्रथम चरण के सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित करने हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा** :– सर्वप्रथम प्रथम चरण के सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित करने के लिए तय की गई समय–सीमा और इसके विरूद्ध जिलावार लक्ष्य की प्राप्ति की समीक्षा की गई और प्रतिवेदन निम्नवत् पाया गया :–

| क्र0 स0 | जिला का नाम | मौजों की कुल संख्या | प्रारूप प्रकाशन का पूर्व से निर्धारित लक्ष्य | प्रारूप प्रकाशन का लक्ष्य के विरूद्ध अप्रैल, 2023 के प्रथम सप्ताह तक की प्राप्ति |
|---|---|---|---|---|
| | | | कुल ग्राम | कुल ग्राम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | लक्ष्य | प्राप्ति |
| 1 | शेखपुरा | 144 | 144 | 18 |
| 2 | सुपौल | 312 | 312 | 16 |
| 3 | मुंगेर | 309 | 309 | 66 |
| 4 | बेगूसराय | 435 | 435 | 154 |
| 5 | लखीसराय | 155 | 155 | 23 |
| 6 | नालंदा | 240 | 240 | 33 |
| 7 | अरवल | 185 | 185 | 29 |
| 8 | जमुई | 158 | 158 | 10 |
| 9 | मधेपुरा | 460 | 460 | 8 |
| 10 | सहरसा | 387 | 387 | 70 |
| 11 | बांका | 114 | 114 | 37 |
| 12 | प0 चम्पारण | 306 | 306 | 131 |
| 13 | खगड़िया | 396 | 396 | 81 |
| 14 | शिवहर | 72 | 72 | 21 |
| 15 | जहानाबाद | 122 | 122 | 10 |
| 16 | कटिहार | 284 | 284 | 139 |
| 17 | पूर्णियाँ | 80 | 80 | 5 |
| 18 | सीतामढ़ी | 253 | 253 | 12 |
| 19 | किशनगंज | 252 | 252 | 62 |
| 20 | अररिया | 281 | 281 | 66 |
| कुल | | 4945 | 4945 | 991 |

उक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि किसी भी जिले द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में खेद व्यक्त किए जाने के साथ–साथ जिलों के सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम सरकार की अतिमहत्त्वपूर्ण योजना है, जिसे वर्ष–2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की वर्त्तमान प्रगति असंतोषजनक है। **सभी उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को 31 अगस्त, 2023 तक प्रथम चरण के सभी 4964 राजस्व ग्रामों में अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित करने का निदेश दिया गया। साथ ही 100 खेसरे वाले राजस्व ग्रामों का अंतिम प्रकाशन दिनांक– 30.04.2023 तक एवं 101 से 2500 तक खेसरा वाले राजस्व ग्रामों का प्रारूप प्रकाशन माह–30.06.2023 तक पूर्ण कर लेने का निदेश दिया गया एवं स्पष्ट किया गया कि उक्त लक्ष्य पूर्ण नहीं करने वाले जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), राजस्व अधिकारी एवं संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों पर कार्य में लापरवाही एवं रूचि नहीं लेने के कारण निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।**

**2. विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की तुलनात्मक प्रगति की समीक्षा :–** जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रगति की समीक्षा जिलों द्वारा वर्ष, 2023 के फरवरी के प्रथम सप्ताह, मार्च, 2023 के प्रथम सप्ताह एवं अप्रैल, 2023 के प्रथम सप्ताह में किए गए कार्य की तुलनात्मक स्थिति के संदर्भ में की गई एवं तीन मांह की तुलनात्मक प्रगति निम्नवत् पाई गई :–

**COMPARATIVE REPORT OF 1st Week February 2023 , 1st Week March 2023 & 1st Week April -2023 PHASE-1**

| SL. NO. | District | Mauza | Boundary Updated Map's Supply | | | Kishtwaar (Mauza) | | | Khanapuri (Mauza) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Feb. 1st week | Mar. 1st week | April. 1st week | Feb. 1st week | Mar. 1st week | April. 1st week | Feb. 1st week | Mar. 1st week | April. 1st week |
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ARARIA | 144 | 144 | 144 | 144 | 142 | 142 | 142 | 76 | 79 | 80 |
| 2 | ARWAL | 312 | 312 | 312 | 312 | 290 | 304 | 306 | 95 | 111 | 130 |
| 3 | BANKA | 309 | 309 | 309 | 309 | 309 | 309 | 309 | 140 | 158 | 161 |
| 4 | BEGUSARAI | 435 | 410 | 411 | 435 | 395 | 406 | 413 | 232 | 242 | 246 |
| 5 | JAMUI | 155 | 155 | 155 | 155 | 155 | 155 | 155 | 57 | 63 | 71 |
| 6 | JEHANABAD | 240 | 240 | 240 | 240 | 226 | 232 | 240 | 130 | 136 | 148 |
| 7 | KATIHAR | 185 | 171 | 171 | 171 | 167 | 167 | 167 | 98 | 102 | 110 |
| 8 | KHAGARIA | 158 | 163 | 163 | 158 | 155 | 155 | 155 | 51 | 64 | 79 |
| 9 | KISHANGANJ | 460 | 440 | 460 | 460 | 457 | 460 | 460 | 132 | 151 | 170 |
| 10 | LAKHISARAI | 387 | 378 | 387 | 387 | 384 | 385 | 385 | 143 | 162 | 188 |
| 11 | MADHEPURA | 114 | 114 | 114 | 114 | 110 | 113 | 114 | 42 | 45 | 45 |
| 12 | MUNGER | 306 | 311 | 313 | 306 | 311 | 311 | 306 | 251 | 267 | 267 |
| 13 | NALANDA | 396 | 396 | 396 | 396 | 390 | 390 | 390 | 187 | 206 | 206 |
| 14 | PURNIA | 72 | 72 | 72 | 72 | 70 | 72 | 72 | 55 | 56 | 57 |
| 15 | SAHARSA | 122 | 122 | 122 | 122 | 122 | 122 | 122 | 44 | 46 | 47 |
| 16 | SHEIKHPURA | 284 | 284 | 284 | 284 | 284 | 284 | 284 | 185 | 196 | 219 |
| 17 | SHEOHAR | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 38 | 67 | 42 |
| 18 | SITAMARHI | 253 | 253 | 253 | 253 | 253 | 253 | 253 | 113 | 113 | 109 |
| 19 | SUPAUL | 252 | 252 | 252 | 252 | 252 | 252 | 252 | 102 | 112 | 114 |
| 20 | W. CHAMPARAN | 281 | 281 | 281 | 281 | 281 | 281 | 281 | 147 | 160 | 165 |
| **Total:-** | | **4945** | **4887** | **4919** | **4931** | **4833** | **4873** | **4886** | **2318** | **2536** | **2654** |

| Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) | | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) | | | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | | Final Publication Form-20 (Mauza) (5%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Feb. 1st week | Mar. 1st week | April 1st week | Feb. 1st week | Mar. 1st week | April 1st week | Feb. 1st week | Mar. 1st week | April 1st week | Feb. 1st week | Mar. 1st week | April. 1st week |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 49 | 49 | 51 | 44 | 49 | 50 | 12 | 15 | 18 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | 40 | 49 | 25 | 30 | 34 | 3 | 10 | 16 | 0 | 0 | 0 |
| 101 | 112 | 117 | 89 | 101 | 107 | 46 | 60 | 66 | 2 | 14 | 23 |
| 164 | 169 | 174 | 154 | 162 | 165 | 138 | 144 | 154 | 69 | 105 | 123 |
| 28 | 34 | 36 | 26 | 30 | 32 | 13 | 17 | 23 | 4 | 6 | 9 |
| 61 | 76 | 86 | 29 | 46 | 54 | 14 | 21 | 33 | 1 | 1 | 14 |
| 55 | 62 | 66 | 55 | 58 | 63 | 20 | 27 | 29 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | 19 | 24 | 13 | 15 | 17 | 6 | 8 | 10 | 0 | 0 | 0 |
| 51 | 66 | 74 | 44 | 60 | 67 | 4 | 4 | 8 | 0 | 0 | 0 |
| 90 | 100 | 109 | 80 | 90 | 99 | 39 | 62 | 70 | 19 | 21 | 24 |
| 38 | 39 | 43 | 36 | 38 | 38 | 22 | 34 | 37 | 0 | 6 | 6 |
| 184 | 192 | 198 | 164 | 169 | 175 | 114 | 127 | 131 | 42 | 42 | 42 |
| 152 | 166 | 170 | 145 | 152 | 162 | 50 | 68 | 81 | 12 | 12 | 12 |
| 39 | 41 | 41 | 39 | 40 | 40 | 19 | 21 | 21 | 1 | 1 | 1 |
| 14 | 18 | 22 | 12 | 16 | 19 | 6 | 8 | 10 | 0 | 0 | 0 |
| 151 | 161 | 177 | 151 | 161 | 177 | 120 | 124 | 139 | 68 | 70 | 80 |
| 17 | 32 | 20 | 10 | 17 | 19 | 3 | 3 | 5 | 0 | 1 | 1 |
| 41 | 42 | 49 | 32 | 31 | 35 | 10 | 11 | 12 | 0 | 1 | 3 |
| 78 | 82 | 86 | 76 | 80 | 83 | 45 | 53 | 62 | 11 | 16 | 22 |
| 98 | 108 | 113 | 87 | 96 | 100 | 58 | 61 | 66 | 8 | 11 | 15 |
| **1458** | **1608** | **1705** | **1311** | **1441** | **1536** | **742** | **878** | **991** | **237** | **307** | **375** |

**3. जिलावार प्रगति की समीक्षा :— सभी जिलों के प्रगति की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पाँच जिले यथा अररिया, खगड़िया, सहरसा, अरवल एवं किशनगंज में अब तक एक भी राजस्व ग्राम के अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन नहीं किया गया है। बैठक में उपस्थित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को इस तथ्य से भी अवगत कराया गया कि राज्य में सितम्बर, 2020 से नवनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के पदस्थापन के पश्चात् से प्रत्येक जिले में जितने विशेष सर्वेक्षण अमीनों को पदस्थापित कियण गया, उतनी संख्या के राजस्व ग्रामों का अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित नहीं किया गया अर्थात् दो वर्षों से अधिक की अवधि में एक अमीन द्वारा एक राजस्व ग्राम का विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य पूर्ण नहीं होना अत्यन्त खेदजनक है।**

निदेशित किया गया जिला स्तर पर किस्तवार खानापुरी, एल0पी0एम0 तथा प्रारूप प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन के मध्य गैप एनलाइसिस की समीक्षा जिला स्तर पर नियमित रूप से की जाए ताकि सरकार द्वारा निर्धारित समय—सीमा के अन्दर विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य को पूरा किया जा सके।

जिला प्रगति के पश्चात् प्रत्येक जिले को विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने वाले मौजों में लगाए गए समय से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें सर्वाधिक गैप एनालाईसिस वाले प्रत्येक जिले के तीन मौजों का विवरण निम्नवत् है:—

## (i) अररिया

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1.थरूआपट्टी (108) | 3536 | 205 |
| | | 2.कमालपुर (61/2) | 1659 | 203 |
| | | 3.मजराही चकला (119) | 736 | 187 |
| 2 | खानापुरी | 1. कमालपुर (61/1) | 1659 | 298 |
| | | 2.भटगांव चकला (132) | 1294 | 275 |
| | | 3.देवथल (38) | 1775 | 275 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. प्यारे लाल चकला (116) | 495 | 225 |
| | | 2. भगपसिया (1) | 614 | 228 |
| | | 3. भोलापुर (8) | 996 | 223 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. हिंगुआ मिल्क (136) | 115 | 165 |
| | | 2. जुमक लाल चकला (98) | 236 | 167 |
| | | 3. गम्हरिया मिलिक (102) | 442 | 167 |

## (ii) अरवल

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. जीनपुरा (29) | 1915 | 559 |
| | | 2. बारहा नाथु (69) | 2171 | 213 |
| | | 3. ओडविगहा (247) | 1800 | 161 |
| 2 | खानापुरी | 1. सैदपुर (105) | 2135 | 186 |
| | | 2. सोनवर्षा (7) | 913 | 115 |
| | | 3. भुसारा (17) | 2225 | 217 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. दरियापुर (40) | 712 | 166 |
| | | 2. रामपुर (38) | 1242 | 125 |
| | | 3. मदनपुर धावा (35) | 1323 | 117 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मदन सिंह का टोला (8) | 138 | 238 |
| | | 2. जोगियानाला (124) | 124 | 211 |
| | | 3. सैफाबाद (28) | 28 | 174 |

## (iii) बांका

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. केन्दुआर (333) | 8838 | 242 |
| | | 2. भेनरा (345) | 9700 | 199 |
| | | 3. गोरदोह (35) | 4033 | 162 |
| 2 | खानापुरी | 1. भेसोपुर (134) | 692 | 410 |
| | | 2. मंझगाय (36) | 2224 | 407 |
| | | 3. रसमहुआ(33) | 717 | 399 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. सेवका टोला(16) | 931 | 416 |
| | | 2. डुमरकोला (154) | 428 | 189 |
| | | 3. मनीकपुर (179) | 600 | 168 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. जानुकीटा (356) | 464 | 224 |
| | | 2. भावनंदपुर (371) | 121 | 218 |
| | | 3. टोला कुरूमटनार (119) | 457 | 202 |

## (iv) बेगूसराय

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. मोहनपुर बरारी (214) | 524 | 512 |
| | | 2. धनपुरा (240) | 6931 | 475 |
| | | 3. कोरिया (195) | 1405 | 473 |
| 2 | खानापुरी | 1. रचियाही (414) | 3130 | 770 |
| | | 2. इनायर (331) | 1384 | 741 |
| | | 3. पिपरा डोरज (434) | 66 | 651 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. रचियाही (415) | 120 | 578 |
| | | 2. गौसपुर (221) | 669 | 245 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. चौबढा (517) | 907 | 264 |
| | | 2. मिल्की (351) | 875 | 264 |
| | | 3. पिपरा डोरज (434) | 66 | 232 |

## (v) जमुई

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. मटिया (168) | 12134 | 649 |
| | | 2. लबहट (164) | 3757 | 286 |
| | | 3. कशमीर (75) | 6923 | 280 |
| 2 | खानापुरी | 1. रायपुरा (80) | 2067 | 389 |
| | | 2. नौकहाडीह (154) | 1739 | 389 |
| | | 3. भगतपुर (119) | 1017 | 375 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. ननाकर (151) | 309 | 191 |
| | | 2. परसा (83) | 926 | 145 |
| | | 3. बिशुनपुर (187) | 924 | 140 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. करण नवादा (81) | 374 | 212 |
| | | 2. डुरघोडीह (114) | 728 | 120 |
| | | 3. मानिकपुर (182) | 134 | 62 |

## (vi) जहानाबाद

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. मेहदीपुर (571) | 496 | 394 |
| | | 2. सीरीपुर (570) | 1624 | 345 |
| | | 3. केवली (565) | 2108 | 315 |
| 2 | खानापुरी | 1. रूसतम चक (181) | 1077 | 298 |
| | | 2. सुलतानपुर (83) | 814 | 298 |
| | | 3. मानपुर बलवा (229) | 902 | 298 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. जगनाथपुर (93) | 339 | 130 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. रफीचक (90) | 174 | 109 |
| | | 2. मुस्तिचक (60) | 490 | 39 |
| | | 3. भगवानपुर (213) | 500 | 39 |

## (vii) कटिहार

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. धोबिनिया मिलिक द0 बारी (284) | 201 | 566 |
| | | 2. टेंगरिया मिलिक (285) | 106 | 497 |
| | | 3. जोराबंग (115) | 601 | 386 |
| 2 | खानापुरी | 1. फुलवारिया मिलिक (107) | 367 | 404 |
| | | 2. टरबन्ना मिलिक (31) | 104 | 356 |
| | | 3. मनसिंगा (90) | 193 | 298 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. हथवाड़ा मिलिक (62) | 55 | 282 |
| | | 2. हसेली (6) | 88 | 254 |
| | | 3. शाहपुरधर्मी (300) | 41 | 252 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. बरेहता मिलिक (38) | 19 | 265 |
| | | 2. लालझा मिलिक (20) | 51 | 265 |
| | | 3. लोधवारा (25) | 51 | 265 |

## (viii) खगड़िया

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. मुशकीपुर (318) | 3399 | 323 |
| | | 2. रतन (300) | 4641 | 323 |
| | | 3. जमलपुर (309) | 8599 | 322 |
| 2 | खानापुरी | 1. अगरहन (125) | 2244 | 294 |
| | | 2. मदरपुर (299) | 1202 | 271 |
| | | 3. मोलिया (317) | 941 | 271 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. इमादपुर (291) | 165 | 119 |
| | | 2. मोहरा (339) | 600 | 67 |
| | | 3. मरची (313) | 692 | 56 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. ताउर (298) | 119 | 179 |
| | | 2. राजधन करारी (327) | 134 | 125 |
| | | 3. सिरमोहनपुर (323 | 127 | 124 |

## (ix) किशनगंज

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. डाला मोहद्दीपुर (8) | 980 | 328 |
| | | 2. शाहपुर इस्तामरार (413) | 413 | 2121 |
| | | 3. धनपुरा (33) | 2861 | 299 |
| 2 | खानापुरी | 1. कथारो (237) | 459 | 348 |
| | | 2. टोपामरी (27) | 206 | 305 |
| | | 3. मोहम्द महीउद्दीनपुर (46) | 2051 | 291 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. बेलवा मलिक (59) | 99 | 188 |
| | | 2. पटकोई मिलिक (25) | 284 | 172 |
| | | 3. नोनिया (63) | 174 | 146 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मशीडगढ़ (43) | 118 | 131 |
| | | 2. बस्ता कोला (57) | 516 | 131 |
| | | 3. सिंधियाखड़ी (55) | 83 | 131 |

## (x) लखीसराय

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. ओरिया (90) | 2751 | 329 |
| | | 2. विलोरी (102) | 3996 | 322 |
| | | 3. सरमा (73) | 4290 | 315 |
| 2 | खानापुरी | 1. रामपुर अमानत सरकार 161/4 | 6 | 278 |
| | | 2. अकोनी (168) | 2514 | 277 |
| | | 3. भैनोरा (118) | 2457 | 275 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. शेरपुर (20) | 280 | 285 |
| | | 2. अजिमाबाद (29) | 229 | 278 |
| | | 3. डिहरा (115) | 391 | 253 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मिल्क विशुनपुर (70) | 15 | 412 |
| | | 2. मिलिक काजी (65) | 79 | 396 |
| | | 3. मट्टा (44) | 399 | 334 |

## (xi) मधेपुरा

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. जलुआर (3) | 1881 | 453 |
| | | 2. बेरबन्ना (16) | 2025 | 451 |
| | | 3. सारोपट्टी (204) | 3226 | 437 |
| 2 | खानापुरी | 1. रामपुर (202) | 2121 | 372 |
| | | 2. जगबनी (23) | 4694 | 359 |
| | | 3. दाहा (1) | 4393 | 351 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. हनुमान नगर चकला (261) | 651 | 98 |
| | | 2. सरहदगंति (219) | 219 | 105 |
| | | 3. रंगपट्टी (261/1) | 238 | 68 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मंगरावरा मिलिक (277) | 55 | 254 |
| | | 2. सिकरटी मिलिक (237) | 105 | 243 |
| | | 3. गोरिया मिलिक (227) | 65 | 235 |

## (xii) मुंगेर

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. धनउनी (199) | 1076 | 646 |
| | | 2. राजपुर (190) | 1052 | 372 |
| | | 3. सोनडीहा (189) | 1480 | 625 |
| 2 | खानापुरी | 1. देवगांव (201) | 1013 | 711 |
| | | 2. गोगाधक (195) | 449 | 555 |
| | | 3. हरपुर (243) | 1517 | 527 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. हसनपुर (363) | 368 | 271 |
| | | 2. चंडीह (339) | 158 | 229 |
| | | 3. गुरगांव (188) | 795 | 225 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मौलानाचक (91) | 25 | 269 |
| | | 2. बैजनाथपुर (245) | 356 | 448 |
| | | 3. छापा मिलिक (59) | 82 | 440 |

## (xiii) नालंदा

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. अलवन (153) | 6426 | 1747 |
| | | 2. सनाइपुर (255) | 1231 | 805 |
| | | 3. कुल (425) | 3741 | 670 |
| 2. | खानापुरी | 1. सरमेरा (75) | 2459 | 807 |
| | | 2. काजीचक (67) | 1117 | 758 |
| | | 3. महेशपुर (232) | 232 | 766 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. ताजु बिगहा (381) | 1877 | 240 |
| | | 2. दरियापुर (224) | 1020 | 237 |
| | | 3. सुमका (300) | 1099 | 223 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मुंडीचक (231) | 205 | 343 |
| | | 2. दौलतपुर मिल्की (247) | 686 | 343 |
| | | 3. सादीपुर (241) | 495 | 253 |

## (xiv) पूर्णियाँ

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1.रामनगर परसाही मिलिक (82) | 597 | 494 |
| | | 2.रूपौली (335) | 398 | 188 |
| | | 3.रामपुर तिलक (86) | 6135 | 140 |
| 2 | खानापुरी | 1.बनमनखी (23) | 1027 | 331 |
| | | 2.बेलाचांद सुखिया मिल्की (27) | 906 | 268 |
| | | 3. हरमुरही (53) | 2714 | 268 |
| | | | प्राप्त आपत्ति की संख्या | |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1 .नौलखिह मिलिक (355) | 409 | 264 |
| | | 2. वीरनगर रघुनाथ (3) | 379 | 235 |
| | | 3. धरहारा (47) | 301 | 235 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मखनाहा मिलिक (39) | 125 | 246 |
| | | 2. सहुरिया मिलिक (342) | 66 | 246 |
| | | 3. धरहारा (60) | 86 | 244 |

## (xv) सहरसा

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. लगमा (1) | 3179 | 401 |
| | | 2. मंगुवेर | 4810 | 281 |
| | | 3. बरगांव (39) | 7155 | 231 |
| 2 | खानापुरी | 1.रघुनाथपुर (92) | 1821 | 410 |
| | | 2.पदमपुर (13) | 13 | 377 |
| | | 3.गौआरी (40) | 3185 | 373 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. कचरादीन (94) | 542 | 123 |
| | | 2. लक्ष्मीपुर (141) | 2121 | 119 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1.कुलहैट (37) | 582 | 165 |
| | | 2.चैता चकला (132) | 358 | 139 |
| | | 3. सघुरिया (177) | 355 | 137 |

## (xvi) शेखपुरा

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. चौकुसुम्मा (202) | 17735 | 749 |
| | | 2. दरियापुर (219) | 1976 | 742 |
| | | 3. सामस खुर्द (30) | 3490 | 568 |
| 2 | खानापुरी | 1. महामदपुर (157) | 1442 | 1055 |
| | | 2. कोयला (211) | 1706 | 931 |
| | | 3. कोरवन (311) | 2817 | 828 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. निमी जलालपुर (20) | 330 | 429 |
| | | 2. बसंत (302) | 1332 | 406 |
| | | 3. धरमपुर (164) | 1499 | 397 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. रनकेर (303) | 912 | 331 |
| | | 2. रसुलपुर (170) | 614 | 204 |
| | | 3. आरैया (206) | 165 | 197 |

## (xvii) शिवहर

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1.जहाँगीरपुर (172) | 6495 | 300 |
| | | 2.अदौरी (89) | 2299 | 283 |
| | | 3.बखर चंडीह (95) | 4163 | 246 |
| 2 | खानापुरी | 1.गाजीपुर (207) | 2349 | 316 |
| | | 2.वीरा छपरा (190) | 2398 | 176 |
| | | 3.रहुआ (212) | 2520 | 271 |
| 3 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1.शाहबाजपुर (187) | 450 | 139 |
| | | 2.पूरनहियां चंदनडीहा (103) | 1440 | 139 |
| | | 3. चक सुनायल (97) | 842 | 134 |

## (xviii) सीतामढ़ी

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1.कमलडाह (182) | 8718 | 176 |
| | | 2.नरहा जगडरपी (214) | 2873 | 176 |
| | | 3.भुतही (33) | 9075 | 176 |
| 2 | खानापुरी | 1.मधुबन उर्फ मधुबन करमोहा (170) | 2398 | 228 |
| | | 2.मुराडीह (3) | 4137 | 228 |
| | | 3.परसा खुर्द (44) | 2809 | 228 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. अराजी रकबे बेंगांव (107) | 520 | 204 |
| | | 2.देवीपुर (128) | 584 | 196 |
| | | 3.बरतौलिया (271) | 862 | 177 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. अराजी सरवरपुर (37) | 195 | 217 |
| | | 2. प्राथनपुरा उर्फ मनिकपुर (110) | 278 | 215 |
| | | 3.अजरकबे मरसंड (17) | 165 | 207 |

## (xix) सुपौल

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. परसा (153) | 5302 | 406 |
| | | 2. लक्ष्मीपुर (241) | 2624 | 335 |
| | | 3. साहेब चकला (256) | 1212 | 264 |
| 2 | खानापुरी | 1.तुलापट्टी (224) | 9751 | 1142 |
| | | 2.पिपरा (242) | 9293 | 853 |
| | | 3.सखुआ (248) | 10286 | 763 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1.लालपुर (257) | 5558 | 517 |
| | | 2.हटवरिया (221) | 7728 | 274 |
| | | 3. ओरईहा (266) | 3526 | 257 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1..झरखा (70) | 4034 | 384 |
| | | 2. साहेब चकला | 1212 | 331 |
| | | 3.सिंहरौल (253) | 2682 | 249 |

## (xx) पश्चिमी चम्पारण

| विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के विभिन्न प्रक्रमों को पूरा किए जाने में सबसे अधिक समय लगाने वाले तीन मौजों की विवरणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | कार्य का प्रक्रम | मौजा का नाम | मौजों में खेसरों की संख्या | कार्य पूर्ण करने में लगे दिनों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | किस्तवार | 1. कुडिया (259) | 3472 | 543 |
| | | 2.बैरागी डीह (199) | 350 | 524 |
| | | 3.झखरा (172) | 8318 | 263 |
| 2 | खानापुरी | 1.लघुनाहा(62) | 4763 | 773 |
| | | 2. डुबउला (451) | 1691 | 586 |
| | | 3.परवान (436) | 1099 | 518 |
| 3 | LPM वितरण से प्रारूप अ0 अ0 प्रकाशन | 1. मुशरी (460) | 3108 | 180 |
| | | 2. गवाहाना (410) | 1101 | 177 |
| | | 3. गोनाही (477) | 1985 | 175 |
| 4 | प्रारूप से अंतिम अ0 अ0 प्रकाशन | 1. पठेरवा (181) | 1091 | 230 |
| | | 2. मगलोघा (459) | 1177 | 224 |
| | | 3. रामपुर बैरागी (252) | 1297 | 223 |

उक्त प्रतिवेदन की समीक्षा उपरांत निदेशित किया गया कि विभिन्न प्रक्रमों को पूरा करने में लगने वाले समय को देखते हुए आवश्यक है कि जिला स्तर पर प्रत्येक प्रक्रम के कार्य से सम्बन्धित प्रत्येक बिन्दु की समीक्षा की जाए और आवश्यकतानुसार विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को मार्गदर्शन देने के साथ–साथ दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा सभी उपस्थित जिला स्तर के पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण के प्रथम चरण अन्तर्गत वैसे सभी राजस्व ग्राम जिनमें खेसरों की संख्या 100 से कम है, में अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन वर्त्तमान माह में करना सुनिश्चित किया जाए तथा जून, 2023 तक 2500 से कम खेसरों वाले प्रथम चरण के ग्रामों में अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन करना सुनिश्चित किया जाए। सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को निदेशित किया गया कि एक से दो दिनों के अंदर सभी जिलों से इस सम्बन्ध में कार्य–योजना तैयार कर प्राप्त कर ली जाए।**

**4. जिलास्तरीय प्रतिवेदन एवं निदेश :–** फरवरी, मार्च एवं अप्रैल, 2023 के प्रथम सप्ताह की त्रिमासिक तुलनात्मक प्रगति, पूर्व की बैठकों में निर्धारित किए गए लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने तथा प्रक्रमवार अधिक समय एवं अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के मुख्य बिन्दु निम्नवत् है–

(i) अररिया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया में लिपिकीय संवर्ग में कर्मियों की पदस्थापना करने का तथा किशनगंज के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा किशनगंज में राजस्व पदाधिकारी की पदस्थापना करने का अनुरोध किया गया।

(ii) बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं अन्य जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के आरंभिक अवस्था में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के राजस्व सम्बन्धी ज्ञान तथा व्यावहारिक ज्ञान की कमी रहने के कारण रैयतों के स्वामित्व निर्धारण सम्बन्धी समस्याओं का ससमय निष्पादन नहीं हो पा रहा था, जिस कारण आरंभिक अवस्था में खानापुरी पूर्ण करने तथा सुनवाई के प्रक्रम में वादों के निष्पादन में अधिक समय लग गया, किन्तु वर्त्तमान में ये कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर किए जा रहे है।

(iii) बैठक में उपस्थित लगभग सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं स0ब0पदा0 (मु0) द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में एल0पी0एम0 जेनरेट करने में आ रही समस्या के बारे में बताया गया और प्रतिवेदित किया गया कि एक बड़े राजस्व ग्राम का एल0पी0एम0 जेनरेट करने में तीन से चार दिनों तक का समय लग जाता है। इसी तरह भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र की प्रविष्टि में लगने वाल अधिक समय एवं समय–समय पर सर्वर सम्बन्धी समस्या के कारण कार्य बाधित होने तथा विभिन्न प्रक्रमों के कार्यों को पूरा करने में निर्धारित अवधि से अधिक समय लगने के सम्बन्ध में प्रतिवेदित किया गया।

(iv) बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि बेगूसराय के कुल 99 राजस्व ग्रामों का खतियान उपलब्ध नहीं है, जबकि 52 राजस्व ग्रामों में बाँध की भूमि है। खतियान के अनुपलब्ध रहने के कारण सरकारी भूमि का आंकड़ा प्राप्त करना अत्यंत कठिन हो जाता है, जबकि जल संसाधन विभाग द्वारा बांधवाली भूमि की स्पष्ट विवरणी उपलब्ध नहीं कराए जाने तथा रैयतों द्वारा उक्त भूमि के बन्दोबस्ती का पर्चा प्रस्तुत किए जाने के कारण अधिकार अभिलेख निर्माण में अनेक कठिनाईयाँ आ रही हैं और सुनवाई प्रक्रम में समय भी अधिक लग रहा है। इस संबंध में स्मारित किया गया कि निदेशालय स्तर से निर्गत पत्रांक– 1692 दिनांक– 16.06.2021 एवं पत्रांक– 1777 दिनांक– 23.06.2021 द्वारा खतियान एवं मानचित्र की अनुपलब्धता की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई स्पष्ट की गई है।

(v) बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को रैयतों द्वारा पूर्व से सरकारी भूमि के रूप में दर्ज भूमि की रसीद एवं दखल दिखाई जा रही है और अंचल स्तर से इस तरह की भूमि के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो रहा है।

(vi) विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा ससमय प्रक्रमवार कार्यों को पूरा नहीं करने के बारे में बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा वर्ष– 2020 में किए गए नवनियोजन पश्चात् अब तक मानदेय में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं होने एवं योजना पूर्ण होने के पश्चात् संविदा समाप्त को संभावित मानने के कारण पूर्ण मनोयोग से कार्य नहीं किया जाता है।

(vii) प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया में रैयतों द्वारा स्वामित्व निर्धारण के क्रम में जमींदारी रिटर्न अथवा पूर्व के खेवट की प्रतिनिधि इत्यादि ऐसे दस्तावेज उपलब्ध कराये जाते हैं, जिनका सत्यापन करने के लिए अंचल अथवा जिला स्तर पर कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं रहता है।

(viii) बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अनेक जिलों में बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त होने के कारण कार्य की प्रगति बाधित हो रही है। साथ ही शिविर स्तर पर स्वंतत्र रूप से एक–एक अनुसेवक की पदस्थापना करने तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों को भरने का अनुरोध किया गया।

बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा दिए गए उक्त प्रतिवेदन एवं जिला स्तरीय प्रगति तथा प्रक्रमवार किए गए कार्यों के गैप एनालाइसिस के पश्चात् निदेश दिए गए :–

**(I) माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा निदेशित किया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया के विरूद्ध विभागीय स्तर पर रैयतों एवं कर्मियों द्वारा दिए गए आवेदन एवं बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया की कार्य प्रगति को देखते हुए बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए एवं उनके कार्यकलापों की समीक्षा कर समीक्षा के आधार पर आरोप पत्र गठित कर सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाए।**

माननीय मंत्री महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि विशेष सर्वेक्षण के कार्य के पूर्ण होने से प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होगी और भू–विवादों में कमी आने से विधि व्यवस्था में सुधार होगा। अतः आवश्यक है कि बन्दोबस्त पदाधिकारियों को प्रभावशाली नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए विशेष सर्वेक्षण के समयबद्ध कार्यक्रम को ससमय पूरा किए जाने की आवश्यकता है। यह भी निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य में जो कर्मी अपने कार्य में लापरवाही दिखा जा रहे हैं, उन्हें तुरन्त कारण पृच्छा कर हटाए जाने की आवश्यकता है, जबकि अच्छा कार्य करने वाले को प्रशस्ति पत्र दिया जाना चाहिए।

(II) अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि प्रगति प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि विगत दो वर्षों के अवधि में जिन जिलों यथा– अररिया, अरवल, किशनगंज, सहरसा एवं खगड़िया के स0ब0पदा0 (मु0) से स्पष्टीकरण करते हुए उनके कार्यों की समीक्षा की जाए एवं समीक्षा के आधार पर उनके विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त विगत् तीन माह की तुलनात्मक प्रगति के आधार पर मुंगेर, पूर्णियाँ, लखीसराय, नालंदा एवं शिवहर के स0ब0पदा0 (मु0) से स्पष्टीकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराई जाए।

(III) निदेशित किया गया कि विगत् छः माह से अधिक अवधि से हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा आवश्यकतानुसार संसाधनों को उपलब्ध कराया जा रहा है और सभी ज़िलों में कुछ राजस्व ग्रामों को छोड़कर सभी ग्रामों में किस्तवार का कार्य पूर्ण किया जा सका है, किन्तु पाँच जिलों में एक भी ग्राम का अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित नहीं होना तथा प्रथम चरण के 50 प्रतिशत ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन नहीं होना अत्यंत खेदजनक है। यह भी निदेशित किया गया कि जिस प्रारूप में राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में प्रक्रमवार गैप एनालाईसिस एवं प्रगति की समीक्षा की जाती है, उसी स्वरूप में ज़िला स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाए और जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठकों को प्रभावकारी एवं परिणामजनित बनाया जाए।

(IV) जिलास्तरीय समीक्षोपरांत बैठक में उपस्थित एन0आई0सी0 एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एल0पी0एम0 जेनरेशन, भू–सर्वेक्षण तथा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर से सम्बन्धित सर्वर में आनेवाली समस्याओं के सम्बन्ध में विमर्श किया गया। एन0आई0सी0 के प्रतिनिधियों को भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में मानचित्रों को अपलोड करने, विभिन्न प्रकार की सरकारी भूमि से संबंधित एवं अन्य महत्त्वपूर्ण आंकड़ों को प्राप्त करने में आ रही समस्याओं को अविलंब दूर करने का निदेश दिया गया। सभी जिलों को निदेशित किया गया कि जिला स्तर पर निर्बाध रूप से इंटरनेट सम्बन्धी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कम–से–कम 100 mbps स्पीड वाली इंटरनेट सुविधा यथाशीघ्र बहाल की जाए। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को वर्त्तमान में भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में सामान्य कार्य अवधि के पश्चात् यथासंभव प्रतिदिन संध्या से अगले दिन सुबह तक L.P.M जेनरेट करने का कार्य करें। यह भी निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा किसी भी दशा में मोबाईल द्वारा डाटा इंट्री का कार्य नहीं किया जाए।

(V) विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य में रैयतों के स्वामित्व निर्धारण, सरकारी भूमि संबंधी विवरणी की अनुपलब्धता एवं सुनवाई में आने वाली अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में निदेशित किया कि रैयतों द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य, अंचलों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं अन्य विभिन्न प्रकार के साक्ष्यों के आधार पर यथासंभव निर्णय लिए जाएँ और स्वामित्व निर्धारण के क्रम में सरकार के पक्ष में प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लेते हुए सरकारी भूमि के संरक्षण को सुनिश्चित किया जाए।

(VI) निदेशित किया गया कि जिन जिलों में बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त है, वहाँ बन्दोबस्त पदाधिकारी के प्रभार निकट जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी अथवा जिले के समाहर्त्ता को देने अथवा स्वतंत्र रूप से पदस्थापना करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया जाए। जिलों में जहाँ सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) का पद रिक्त है, वहाँ पदस्थापित राजस्व पदाधिकारियों को स्वतः सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) का प्रभार देना सुनिश्चित किया जाए।

(VII) विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य में संलग्न सभी कर्मियों के संविदा नियोजन एवं सेवा शर्तों के सम्बन्ध में स्पष्ट किया गया कि सरकार द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के बाद राज्य भर में चकबन्दी का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के मानदेय आदि में वृद्धि का अनुरोध भी सरकार से किया गया है। निदेशित किया गया कि कार्यरत विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को इस तथ्य से अवगत कराया जाने की आवश्यकता है।

(VIII) अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रत्येक विशेष सर्वेक्षण शिविर में अनुसेवकों की पदस्थापना करने के लिए पदों का आकलन कर प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया एवं शिविरों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों के रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने का निदेश दिया गया।

(IX) निदेशित किया गया कि जिन जिलों के विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का स्थानांतरण भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के स्तर से किया गया है, उन्हें अविलंब विरमित करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए।

अन्त में बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को स्मारित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त एक समयबद्ध योजना है, जिसे एक निश्चित अवधि में पूरा किया जाना है। अतः कर्मियों के कार्य न करने एवं भिन्न–भिन्न प्रकार की समस्याओं को उपस्थापित करने के स्थान सतत् पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन एवं प्रभावशाली नियंत्रण द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य को पूरा किया जाए एवं इसके लिए प्रत्येक दिन शिविरवार/अमीनवार कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जाए और विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रत्येक प्रक्रम के लिए निर्धारित अवधि में ही उसे पूरा किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
**(जय सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09/2022 ....4059.... पटना, दिनांक: 02/05/2023

**प्रतिलिपिः** समाहर्त्ता, सहरसा/किशनगंज/कटिहार/मुंगेर/नालंदा/खगड़िया/पूर्णियाँ/मधेपुरा/अरवल/जमुई/बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय/ लखीसराय/जहानाबाद/ अररिया/ सीतामढ़ी/ सुपौल/ प0 चम्पारण/ शिवहर/बांका/शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/4/2023
**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09/2022 ....4059.... पटना, दिनांक: 02/05/2023

**प्रतिलिपिः** अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0चम्पारण/जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/4/2023
**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09/2022 ....4059.... पटना, दिनांक: 02/05/2023

**प्रतिलिपिः** जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/4/2023
**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09/2022 ....4059.................पटना, दिनांक:02/05/2023
**प्रतिलिपिः** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/निदेशालय में पदस्थापित सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0 सेल/प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/4/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09/2022 ....4059.....................पटना, दिनांक:02/05/2023
**प्रतिलिपिः** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/4/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0(04) वि0 सर्वे0 09/2022 ....4059.....................पटना, दिनांक:02/05/2023
**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

28/4/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2021\Birendra Sir_ASO\Proceeding\Proceeding_11.04.2023.docx